**भारत सरकार**
**सहकारिता मंत्रालय**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं .727**
**मंगलवार, 25 जुलाई ,2023/3 श्रावण, 1945 (शकको उत्तरार्थ (**

## राष्ट्रीय सहकारी डाटाबेस विकसित करना

**†727 श्री राजा अमरेश्वर नाईक :**

क्या **सहकारिता मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार राष्ट्रीय सहकारी डाटाबेस विकसित कर रही है और इसका पहला चरण वर्ष 2023 मे शीघ्र जारी किए जाने का प्रस्ताव है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और आंकड़े एकत्र करने के कुल कितने चरण है; और
(ग) देश में कार्यरत सहकारी समितियों का राज्य-वार ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**सहकारिता मंत्री (श्री अमित शाह)**

(क) एवं (ख): सहकारिता मंत्रालय चरणबद्ध तरीके से एक व्यापक राष्ट्रीय सहकारी डेटाबेस विकसित कर रहा है। चरण-I के तहत, तीन क्षेत्रों यानी प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (पैक्स), डेयरी और मत्स्य पालन की लगभग 2.64 लाख प्राथमिक सहकारी समितियों की मैपिंग फरवरी, 2023 में पूरी हो चुकी है। चरण- II के तहत, राष्ट्रीय सहकारी समितियों व फेडरेशन का मैपिंग कार्य पूरा कर लिया गया है। चरण-III के तहत, डेटाबेस को अन्य सभी क्षेत्रों में कार्यरत शेष सहकारी समितियों तक बढ़ाया जा रहा है। राष्ट्रीय सहकारी डेटाबेस चरण-III के अंतर्गत डेटा संग्रह पूरा होने पर जारी किया जाएगा।

(ग): भारतीय राष्ट्रीय सहकारी संघ (NCUI) द्वारा प्रकाशित भारतीय सहकारी आंदोलन की सांख्यिकीय प्रोफ़ाइल-2018 के अनुसार, देश में राज्य-वार सहकारी समितियां अनुलग्नक में दी गई हैं।

******

*अनुलग्नक*

**देश में राज्य-वार सहकारी समितियाँ**

| **क्र .सं .** | **राज्य/केंद्र शासित प्रदेश का नाम** | **सहकारी समितियों की संख्या** |
|---|---|---|
| 1 | अंडमान व निकोबार द्वीप समूह | 2104 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 73218 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 783 |
| 4 | असम | 10246 |
| 5 | बिहार | 39169 |
| 6 | चंडीगढ़ | 243 |
| 7 | छत्तीसगढ | 11364 |
| 8 | दिल्ली | 6360 |
| 9 | गोवा | 3822 |
| 10 | गुजरात | 77550 |
| 11 | हरियाणा | 24572 |
| 12 | हिमाचल प्रदेश | 5394 |
| 13 | जम्मू और कश्मीर # | 2020 |
| 14 | झारखंड | 13855 |
| 15 | कर्नाटक | 40938 |
| 16 | केरल | 19263 |
| 17 | लक्षद्वीप | 81 |
| 18 | मध्य प्रदेश | 47415 |
| 19 | महाराष्ट्र | 205886 |
| 20 | मणिपुर | 9237 |
| 21 | मेघालय | 1555 |
| 22 | मिजोरम | 1437 |
| 23 | नागालैंड | 9059 |
| 24 | ओडिशा | 17330 |
| 25 | पुदुचेरी | 532 |
| 26 | पंजाब | 17437 |
| 27 | राजस्थान | 28459 |
| 28 | सिक्किम | 5464 |
| 29 | तमिलनाडु | 24482 |
| 30 | तेलंगाना | 65156 |
| 31 | दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव | 390 |
| 32 | त्रिपुरा | 2067 |
| 33 | उत्तर प्रदेश | 48188 |
| 34 | उत्तराखंड | 5623 |
| 35 | पश्चिम बंगाल | 33656 |
| | **कुल** | **854355** |

स्रोत :NCUI द्वारा प्रकाशित भारतीय सहकारी आंदोलन की सांख्यिकीय प्रोफ़ाइल 2018-

# जम्मू और कश्मीर (UT) के आंकड़ों मे लद्दाख (UT) के आंकड़े भी शामिल है।

*****